प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

पश्चिम बंगाल, असम, केरलम, तमिलनाडु और पुदुचेरी में विधानसभा चुनाव की मतगणना के रूझानों से भविष्यि की राजनीति की दिशा तय होने के संकेत मिल रहे हैं। पश्चिम बंगाल और केरलम में सत्ता परिवर्तन तय नजर आ रहा है। पश्चिम बंगाल में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिलने जा रही है और वे पहली बार इस पूर्वी राज्य में सरकार बनाएगी। केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाला यू.डी.एफ. गठबंधन सत्तारूढ एल.डी.एफ. से बहुत आगे निकल गया है।

असम में भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। तमिलनाडु में आश्चर्यजनक घटनाक्रम में अभिनेता विजय की नवगठित पार्टी टी.वी.के. सबसे अधिक सीटों पर बढत बनाते हुए सत्ता की दावेदारी में सबसे आगे हो सकती है।

पुदुचेरी में परिणामों और रूझानों से ए.आई.एन.आर.सी. के सत्ता बरकरार रखने के साफ संकेत है। इन रुझानों से उत्साहित भाजपा समर्थकों ने देशभर में जश्न मनाना शुरू कर दिया है।

****

पश्चिम बंगाल चुनाव नतीजों पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने खुशी जताई है। कोडरमा में पत्रकारों से बातचीत में भाजपा की बढ़त को नए युग की शुरुआत बताते हुए उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता ने टीएमसी के शासन को नकार कर विकास को चुना है। उन्होंने असम और पुदुचेरी में भी पार्टी की जीत के लिए कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

****

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और विभिन्न एजेंसियों के सहयोग से, देश भर में आज से अखिल भारतीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह मना रहा है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य केंद्रों में अग्नि खतरों की रोकथाम और निवारण के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलीला श्रीवास्तव ने आज नई दिल्ली में अग्नि सुरक्षा सप्ताह का उद्घाटन किया और स्वास्थ्य केंद्रों में अग्नि सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस सप्ताह के दौरान, राष्ट्रव्यापी स्तर पर जागरूकता और तैयारी संबंधी गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की जाएगी। राज्य और केंद्र शासित प्रदेश इस दौरान जागरूकता अभियान, मॉक ड्रिल, क्षमता निर्माण पहल और अग्नि सुरक्षा प्रोटोकॉल के प्रसार सहित कई गतिविधियां करेंगे।

****

रांची में कल वन एवं पर्यावरण विभाग द्वारा कार्बन क्रेडिट प्रोजेक्ट्स पर पहली राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। सुबह 10.30 बजे शुरू होने वाले इस सत्र में विशेषज्ञ और हितधारक जलवायु परिवर्तन से निपटने और पर्यावरण संरक्षण के लिए नई रणनीतियों पर विचार–विमर्श करेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य झारखंड में कार्बन क्रेडिट परियोजनाओं को बढ़ावा देना है।

****

रांची में 8 मई को सुजलम झारखंड 2026 सम्मेलन आयोजित होगा। जल संसाधन मंत्री हाफिजुल हसन और जल योद्धा उमाशंकर पांडे की उपस्थिति में होने वाले इस कार्यक्रम में पठारी जल विज्ञान और मेदबंदी मॉडल पर चर्चा होगी। इसका उद्देश्य सरकार और कृषि क्षेत्र के तालमेल से जल सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

****

गिरिडीह के बगोदर में आज एक भीषण सड़क हादसे में एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हैं। जीटी रोड पर सवारी गाड़ी और पिकअप वैन की टक्कर में यह दुर्घटना हुई। एसडीपीओ धनंजय राम के अनुसार, घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है, जिनमें से कुछ की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

****

जामताड़ा की दिवाषी हेंब्रम मलेशिया में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय एयरगन शूटिंग प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। 14 सदस्यीय भारतीय टीम में चयन होने पर जामताड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष आशा गुप्ता ने उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने इसे जिले के लिए गौरव का पल बताते हुए उनके बेहतर प्रदर्शन की कामना की।

****

मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला–खरसावां जिलों के लिए तात्कालिक चेतावनी जारी की है। इन इलाकों में मेघ गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश और वज्रपात की प्रबल संभावना है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चलेंगी।

****